संक्षिप्त

आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण

कोटपूतली। अतिरिक्त निदेशक समेकित बाल विकास सेवायें मेघराज मीणा व महिला एवं बाल विकास उपनिदेशक सतपाल यादव ने आंगनबाड़ी केंद्र जोधपुरा, मोहनपुरा, कांसली, महरमपुर राजपूत का औचक निरीक्षण किया। जिसमें गरम पूरक पोषाहार, नाश्ता, रिकॉर्ड संधारण एवं शाला पूर्व शिक्षा आदि का अवलोकन किया गया। अल्ट्राटेक सीमेंट सीएसआर से महरमपुर राजपूत आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों के फर्नीचर की व्यवस्था के लिये निर्देशित किया गया। साथ ही परियोजना कोटपूतली में संचालित तीन दिवसीय पोषण भी, पढ़ाई भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षण में सीडीपीओ कीर्ति बरोलिया ने पोषण भी पढ़ाई भी के बारे में व नवचेतना और आधारशिला पर विस्तार से जानकारी दी तथा बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई। इस दौरान एसएलएमटी संतरा, आशा शर्मा, दीपा, राजेंद्र, भगवान, मनोज कुमार ने पोषण ट्रैकर की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान गिरिराज यादव, नवीन यादव, रामसहाय मीणा समेत अन्य मौजूद रहे।

'डीजे बजाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई'

पावटा। कस्बे सहित आस- पास के ग्रामीण क्षेत्र में देर रात तक डीजे का शोर शराबा सुनाई दे रहा है। शादी समारोहों में बजने वाले डीजे से बच्चों की पढाई प्रभावित हो रही है।देर रात तक शादी वाले घरों व सडकों से निकलने वाली बारातों में डीजे बजने से विद्यार्थियों के अध्ययन में बाधा आ रही है। बोर्ड समेत अन्य परीक्षाओं का समय नजदीक है। प्रशासन अब तक इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। छात्र-छात्राएं दरवाजे बंद करके भी पढाई करते हैं फिर भी आवाज आती है। मैरिज गार्डन के समीप रहने वालों का तो बुरा हाल है। शादी समारोह के दौरान देर रात तक मैरिज गार्डन में डीजे बज रहे हैं, जिससे क्षेत्र में रहने वाले विद्यार्थियों की पढाई प्रभावित हो रही है। परीक्षाओं के दौर में शादी समारोह का शोर बच्चों की पढाई पर असर डाल रहा है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक डीजे व लाउडस्पीकर की आवाज से विद्यार्थी परेशान हैं। गौर रहे कि न्यायालय के आदेश के बावजूद प्रशासन भी इस मामले पर गंभीर नहीं है। प्रशासनिक ढील का फायदा उठाकर देर रात तक तेज ध्वनि में डीजे की गूंज और धमाकों से विद्यार्थियों की पढाई बाधित हो रही है। फरवरी व मार्च शुरू होते ही बोर्ड की परीक्षाओं का भी आगाज हो जाता है।

कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

किशनगढ़ बास। पंचायत समिति कोटकासिम की ग्राम पंचायत बघेरी खुर्द पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया। ग्राम के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित इस चौपाल में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन, खंबे पर लूज वायर, बिजली से संबंधित, खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुडवाने, अवैध अतिक्रमण हटाने और पट्टा दिलाने जैसी समस्याएं रखीं। कुल 17 परिवाद दर्ज किए गए, जिनमें से जिला कलेक्टर ने कई समस्याओ का मौके पर ही समाधान कराया और शेष समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

देवली उनियारा से नवनिर्वाचित विधायक राजेंद्र गुर्जर का देवली शहर पहुंचने पर स्वागत

देवली, (निस)। देवली उनियारा विधानसभा के उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायक राजेंद्र गुर्जर का यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने देवली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। बुधवार रात्रि को 9:00 बजे नव निर्वाचित विधायक राजेंद्र गुर्जर जीत के बाद पहली बार देवली शहर पहुंचे।

इस पर शहर भर में कार्यकर्ताओं ने उनका जगह-जगह भाव स्वागत किया। देवली शहर पहुंचने से पहले भाजपा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के ठाम पंचायत रतनपुरा में जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी के साथ बालाजी महाराज के पावन मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम शामिल हुए । यहां भाजपा के करमत कार्यकर्ता विनोद साहू (जय भवानी) ने बताया कि बुधवार को जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने एक धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचकर

देवली में नवनिर्वाचित विधायक राजेन्द्र गुर्जर का भव्य स्वागत किया।

कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता पर भरोसा जताकर उप चुनाव में देवली उनियारा विधानसभा सीट को जिताने की जिम्मेदारी दी। जिसे कार्यकर्ताओं की मेहनत जीत संभव कर दिखाया। इस दौरान उपचुनाव में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के साथ रणनीति बनाकर साधारण कार्यकर्ता के रूप में काम किया

और सभी को साथ लेकर इस सीट पर प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज कराई । वहीं जीत के बाद पहली बार पहुंचे नवनिर्वाचित भाजपा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने कार्यकर्ताओं की मेहनत

- **विधायक ने कहा देवली उनियारा की ऐतिहासिक जीत कार्यकर्ताओं की जीत हैं**

लगन की सराहना करते कहा कि देवली उनियारा से यह ऐतिहासिक जीत,कार्यकर्ताओ की जीत है । मुझे टिकट भीं बूथ तक के कार्यकर्ताओं की बदौलत ही मिला है। तो जीत भीं कार्यकर्ताओं की बदौलत ही मिली हैं। और अब भीं क्षैत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। तो वहीं विधायक गुर्जर ने यह भी कहा क्षेत्र में जनता की पुरी ईमानदारी के साथ सेवा करता रहूंगा। इस मौके पर शहर के करमत कार्यकर्ता राकेश ओसवाल ने बताया कि बुधवार को इससे पहले विधायक गुर्जर टोडारायसिंह में मंत्री चौधरी के कार्यालय पर पहुंच कर उनसे शिष्टाचार भेंट की। वहीं देवली उपखंड के नासिरदा में जैन धर्मशाला व देवली शहर में अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित मंडल की बैठक में शामिल हुए।

जहां विधायक गुर्जर ने बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं का आभार और धन्यवाद प्रकट किया इस मौके पर पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन पूर्व पालिका उपाध्यक्ष तनसुख बेरवा रणवीर सिंह चौहान पार्षद लोकेश लश्कार पंडित मुकेश गौतम पूर्व पार्षद शिवराज सिंह मीणा किशन साहू विश्व हिंदू परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष आशीष पंचोली अमित गौतम शहर अध्यक्ष सत्यनारायण साहू पार्षद लोकेश लक्षकार नेमीचंद जैन (संदला) बद्री प्रसाद साहू (चौधरी) संजय जैन पार्षद संजय सिंघल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मालपुरा नगरपालिका क्षेत्र का बढ़ेगा दायरा

मालपुरा, (निस)। स्वायत शासन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश मे परिसीमन को लेकर नगर परिषद, नगर निगम व नगरपालिका क्षैत्र की सीमाओं में वृद्धि किये जाने के लिये मांगे गये प्रस्ताव पर कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मालपुरा नगरपालिका क्षेत्र का दायरा बढा नगर परिषद किये जाने को लेकर प्रस्ताव पत्र भेजा।

कैबिनेट मंत्री द्वारा भेजे गये। मंत्री द्वारा भेजे प्रस्ताव में मालपुरा नगरपालिका शहरी क्षेत्र से सटी ग्राम पंचायतो के कुछ गांवों को शहर में शामिल कर सीमा वृद्धि किये जाने के लिये जिला कलेक्टर के जरिये सरकार को भेजा गया प्रस्ताव । जिसमे बृजलाल नगर सम्पूर्ण ग्राम पंचायत सहित राजपुरा पंचायत के हाथगी गांव, सिंधोलिया पंचायत से दौराई व नायको की ढाणी, बैरवो की ढाणी, रिण्डलिया बुजुर्ग पंचायत से धानोता, कल्याणपुरा व टोरडी पंचायत से अम्बापुरा सहित अम्बापुरा की सभी ढाणीयां लेते हुये गांवों को प्रस्ताव में शामिल किया गया।

प्रसूति नियोजन दिवस पर सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित

दौसा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को एमसीएचएन एवं प्रसुति नियोजन दिवस पर प्रथम औचक सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके लिए राज्य, जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को लक्ष्य निदेशालय की ओर से दिए गए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सीताराम मीणा ने बताया कि इस बार फिजीकल मॉनिटरिंग के साथ ही रा य सरकार के निर्देशानुसार सीधे संवाद का नवाचार करते हुए वीडियो कॉल के जरिए मॉनिटरिंग की गई एवं चिकित्सा क्रेन्द्रों का निरीक्षण भी किया। डॉ मीणा ने बताया कि निदेशालय स्तर से गुरूवार को एमसीएचएन और प्रसुति नियोजन दिवस मनाया जाता है और मॉनिटरिंग कर ओडीके एप के जरिये रिर्पोटिंग करनी होती है। निदेशालय स्तर से राज्य, संभाग और जिला स्तरीय अधिकारियों को 10-10 केन्द्रों की मॉनिटरिंग वीडियोकॉल के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक समय निर्धारित किया गया। इसकी अनुपालना जिले में भी की गई। इस कडी में उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेन्द्र सिंह ने यूपीएचसी सोमनाथ, आयुष्मान आरोग्य मंदिर निचुनिया सब सेंटर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएचसी कल्लावास, पीएचसी कोलीवाडा, पीएचसी गुढलिया का तथा शहरी कार्यक्रम

चिकित्सा केन्द्रों पर निरीक्षण भी किया गया।

प्रबंधक पूजा सैनी ने सैंथल मोड और सोमनाथ यूपीएचसी पर वीडियोकॉल कर एएनएम से बात की और वीडियो के जरिए व्यवस्थाएं भी देखी। लाभार्थियों से भी बात की। जिला कार्यक्रम अधिकारी गौरव गुप्ता ने बताया कि संवाद के जरिये वीडियोकॉल कर एएनसी जांच की जानकारी ली।

बैट्रीयां चोरी करते दो चोर पकड़े

मालपुरा, (निस)। डिग्गी थाना क्षेत्र के धोली गांव में लगे जीओ के मोबाईल टावर से बैट्रीयां चोरी करते जाग हो जाने पर ग्रामीणों ने दो शातिर चोरों को दबोच डिग्गी थाना पुलिस को सुपुर्द किया ।

ग्रामीण रामेश्वर स्वामी ने बताया कि धोली गांव में लगे जीओ के मोबाईल टावर परिसर मे गुरूवार की अलसवेरे तकरीबन तीन बजे दो युवक घुस बैट्री चोरी के लिये वायर काट रहे थे। बैट्रीयो के पास लगे सीसीटीवी कैमरे का कम्पनी कंट्रोल रूम पर फुटेज नजर आने पर कंट्रोल रूम की सुचना टावर मे सो रहै चोकीदार व अन्य कार्मिको को दी गई। कार्मिको ने जरिये दुरभाष के ग्रामीणो को सुचना दे टावर परिसर की चारो तरफ से घेराबंदी कर वायर काटते दोनो चोरों को दबोचा। सूचना पर पहुंची डिग्गी थाना पुलिस क सुपुर्द किया गया। युवको के पास मिले बैग की तलाशी ली गई तो बैग मे नशीली सामग्री सहित सीरिंज व अन्य दवाईयां आदि मिले। जिन्हे पुलिस ने जप्त कर पकडे गये दोनो युवकों से गहन पूछताछ शुरू की।

कलेक्टर ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र गोनेडा का भ्रमण

कोटपूतली। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कृषि विज्ञान केन्द्र, गोनेडा का भ्रमण किया। इस दौरान कलेक्टर व्यवसायिक बकरी पालन एवं छथ्ैड तिलहन के प्रशिक्षणार्थियों से भी रूबरू हुई एवं उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि आप पूरे प्रशिक्षण को अच्छी तरह करके बकरी पालन व तिलहन उत्पादन कर देश की जीडीपी में भागीदारी करें। प्रशिक्षण में युवा प्रशिक्षणार्थी भी थे, उन्हें संदेश दिया कि युवा पीढ़ी खेती एवं इससे संबंधित कार्यों में कम रुचि ले रही है, इसलिए आज युवाओं को कषि प्रशिक्षण ले कर नवीन उपक्रम को लगा कर रोजगार सृजित करना चाहिए। कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी वैज्ञानिकों से कलेक्टर महोदया ने कृषि क्षेत्रों के विभिन्न आयामों पर चर्चा की एवं कृषि विज्ञान केन्द्र की सभी इकाईयों का भ्रमण किया और के.वी.के. के कार्यों की सराहना की तथा साथ में कृषि विभाग से आग्रह किया कि विभाग के प्रशिक्षणों का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र पर करें।

इस दौरान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष ले. कर्नल डॉ. सुपर्ण सिंह शेखावत ने सभी का स्वागतरूप उद्बोधन दिया एवं केन्द्र के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी। कृषि विभाग के संयुक्त

तिलहन के प्रशिक्षणार्थियों से रूबरू होती कलक्टर कल्पना अग्रवाल।

निदेशक डॉ. महेन्द्र जैन ने कृषि विभाग द्वारा चलाये जा रहे छथ्ैड तिलहन योजना के बारे में बताया तथा उपनिदेशक (उद्यान) सरदार मल यादव ने उद्यान विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर महोदया ने कृष्ण गुर्जर, गांव बनका तहसील कोटपूतली के गाजर एवं प्याज की आधुनिक खेती का भी अवलोकन किया। इस दौरान कृषि विभाग के सहायक निदेशक राकेश कुमार यादव, केन्द्र के डॉ. सरदारमल यादव, डॉ. देवेन्द्र मीणा, डॉ रेनू कुमारी गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण के प्रभारी डॉ. रामप्रताप यादव ने किया एवं प्रशिक्षण के बारे में समस्त जानकारी दी।

रोडवेज बस की टक्कर से बाइक चालक की मौत

चांदा की ढाणी के पास हुआ हादसा

मालपुरा, (निस)। जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर अविकानगर टॉल प्लाजा के आगे चांदा की ढाणी के पास गुरूवार की शाम वैशाली नगर आगार की रोडवेज बस की टक्कर से बाईक चालक युवक की हुई दर्दनाक मौत। ढाणी के पास हुये सड़क दुर्घटना की मिली सूचना पर अविकानगर टॉल प्लाजा कार्मिक नमोनारायण तत्काल मौके पर पहुंच टॉल प्लाजा की एम्बूलेंस की सहायता से मृतक के शव को पहुंचाया मालपुरा अस्पताल। सूचना पर पहुंची डिग्गी थाना पुलिस ने दुर्घटना स्थल से क्षतिग्रस्त हुई बाईक व रोडवेज बस को पुलिस सुरक्षा मे ले थाना परिसर मे खडा करवाया।

सड़क हादसे मे बाईक चालक युवक का मोबाईल टूट जाने व युवक के पास अन्य कोई दस्तावेज नही मिलने के चलते डिग्गी थाना पुलिस ने अन्य संसाधनो के जरिये कडी मशक्कत के बाद मृतक की पहचान राकेश कुमार प्रजापत पुत्र राधाकिशन निवासी रघुनाथपुरा थाना टोडारायसिंह के रूप में कर परिजनों को सूचना दी । रोडवेज बस जो कि मालपुरा की और से जयपुर जा रही

- **मालपुरा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया शव**
- **सूचना पर पहुंची डिग्गी थाना पुलिस ने दुर्घटना स्थल से क्षतिग्रस्त हुई बाईक व रोडवेज बस को पुलिस सुरक्षा मे ले थाना परिसर मे खडा करवाया**

थी तो सामने से बाईक सवार आ रहा था। चांदा की ढाणी के पास दोनो में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे मे बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। शव को मालपुरा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया ।

मृतक के भाई भागीरथ प्रजापत ने बताया कि जयपुर मानसरोवर मे मोबाईल की दुकान करता था मृतक राकेश। गुरूवार को परिजनो से मिलने के लिये जयपुर से गांव के लिये बाईक से निकला था। राकेश अभी परिवार में अविवाहित था।

सार-समाचार

मशाल जुलूस निकाला

बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर प्रेस वार्ता की।

टोंक। सिकोईडिकोन संस्था का 8 साल बाद टोंक में वापिस 'बाल विवाह मुक्त भारत' को लेकर एक निजी होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ, जिसमें संस्था के उपनिदेशक आलोक व्यास व प्रोजेक्ट मेनेजर देवेन्द्र जांगिड ने संस्था की उपलब्धि सहित 120 बाल विवाह रोकवाने का प्रयास किया है तथा आने वाले समय में बाल विवाह जैसी कुरितियों के खिलाफ अभियान चलाकर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को आगे बढायेंगें। सिकोईडिकोन संस्था द्वारा टोक में बाल विवाह के खिलाफ 350 जागरूकता व शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें समाज के हर तबके के हजारो लोग शामिल हुए। इस दौरान मशाल जुलूस और कैंडल मार्च में बाल विवाह पीडिताओं, महिलाओं, बच्चों व पुरुषों सहित 35000 लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली और जागरूकता के प्रसार के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी की। इस दौरान पुरोहितों, मौलवियों, हलवाइयों, रसोइयों, सजावट, बैंड बाजा वालों व शादी का कार्ड छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के मालिकों जैसे विवाह से जुडे सभी हितधारकों ने शपथ ली कि वे बाल विवाह संपन्न कराने में किसी भी तरह से भागीदारी नहीं करेंगे और इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देंगे गैरसरकारी संगठन सिकोईडिकोन के निदेशक पी एम पॉल ने कहा, ''यह अभियान हमारे विकसित भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। देश की बच्चियों को शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाए बिना हम इस सपने को पूरा नहीं कर सकते और बाल विवाह इसमें सबसे बड़ी बाधा है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए सभी पक्षों को साथ लेकर चलने और बचाव-संरक्षण एवं अभियोजन नीति पर अमल के मंत्रालय के इस फैसले का हम स्वागत करते हैं। 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' का सहयोगी संगठन होने के नाते हम पहले से ही इस रणनीति पर काम करते आ रहे हैं। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हमने इस जिले में जो अभियान शुरू किया था, वह अब राष्ट्रव्यापी अभियान बन गया है।

बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई

दौसा। ग्राम चेतना केन्द्र दौसा के तत्वावधान में आयोजित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव बृजेश कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान जागरुकता रैली का भी आयोजन किया गया साथ ही बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दौसा के सचिव बृजेश कुमार शर्मा ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर समस्या है जो हमारे समाज को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान करने के लिए हमें एक साथ मिलकर काम करना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाएं और इस समस्या को समाप्त करने में मदद करें। इस राष्ट्रव्यापी अभियान और जमीन पर इसके असर की चर्चा करते हुए ग्राम चेतना केन्द्र के सचिव ओमप्रकाश शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाल विवाह के खात्मे के लिए महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू किया गया अभियान इस बात का सबूत है कि सरकार इस सामाजिक बुराई की गंभीरता से अवगत है। आज भी देश में 23 प्रतिशत से ज्यादा लडकियों का बाल विवाह होता है जो न सिर्फ जीवनसाथी चुनने के उनके अधिकार का हनन है बल्कि इससे लडकियों की शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ रोजगार और आर्थिक निर्भरता की उनकी संभावनाओं पर भी बेहद बुरा असर होता है। सरकार की योजना इस अभियान में सभी हितधारकों को साथ लेकर चलने की है और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन होने के नाते हम इसमें पूरी तरह साथ हैं। वर्षों से बाल विवाह के खिलाफ काम करने के नाते हम भली भांति जानते हैं कि समठा और समन्वित प्रयासों के बिना यह लडाई नहीं जीती जा सकती। लेकिन अब हमें विश्वास है कि सरकार और नागरिक समाज के साझा प्रयासों से भारत 2030 से पहले ही बाल विवाह के खात्मे के लक्ष्य को हासिल कर सकता है। संस्था निदेशक गोपाल शर्मा ने कहा की सरकार का ये अभियान एक बहुत शानदार पहल है। प्रोग्राम मैनेजर इकराम बिसायती ने अभियान के दौरान किये जाने गतिविधियों को विस्तार से बताया कि संस्था द्वारा दौसा ब्लॉक के 50 गांवों में शाम के समय गांव में महिलाओं के नेतृत्व में कैंडल रैली निकालकर बाल विवाह के खिलाफ जागरुक किया व बाल विवाह के खिलाफ शपथ ग्रहण करवाई गई।

सहायता शिविर 3 को

पावटा। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार 3 दिसंबर मंगलवार को पावटा पंचायत समिति में प्रात॰9.30॰ से सायं ॰6 बजे तक घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु) सहायता शिविर का आयोजन किया जावेगा। जिसके तहत घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों को आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं सहित राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जावेगा। घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) के आवश्यक दस्तावेज जैसे वोटर आईडी, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जाति पहचान पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि बनाने एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए शिविर लगाया जायेगा। शिविर में अधिकारियों को कार्य आवंटित किये गये है। जिनमें वोटर आईडी कार्य सहायक निर्वाचक अधिकारी तहसीलदार रामधन गुर्जर, आधार कार्ड / जनाधार कार्ड प्रोग्रामर ब्लॉक पावटा मेनका यादव, ब्लॉक सांयिकी अधिकारी ब्लॉक पावटा, राशन कार्ड प्रवर्तन निरीक्षक अमित यादव, जाति प्रमाण पत्र एवं घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र व मूल निवास प्रमाण पत्र तहसीलदार संजय खेदड, स्वास्थ्य- झुग्गी-झोपडियों में रहने का कारण त्वचा संबधी रोग, कुपोषण संबंधित समस्याओं के लिए शिविर आयोजित होगा।

दौसा चुनाव में भाजपा की हार के बाद आरोप-प्रत्यारोप तेज

दौसा। विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली करारी हार के बाद सोसियल मीडिया पर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है तथा एक दूसरे समाज का जमकर कोसा जा रहा है। उधर लगातार तीसरी जीत से लवरेज कांग्रेस में भी भीतरघात को लेकर मंथन शुरु हो गया है तथा भीतरघात करने वालों के खिलाफ आवाज उठने लगी है। वही दूसरी ओर काबीना मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा की चुप्पी भाजपा का भीतरघात करने वालों के लिए लगातार आफत बनती जा रही है।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को मिली जीत के बाद भाजपा में भीतरघात को लेकर आरोप प्रत्यारोप शुरु हो गया है तथा सोसियल मीडिया पर हार को लेकर एक-दूसरे समाज को जिम्मेवार ठहराते हुये गंभीर आरोप लगाये जा रहे है। इधर सोसिलय मीडिया पर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला शुरु होने के साथ ही जिला पुलिस प्रशासन ने पैनी नजर रखना शुरु कर दिया है तथा समाजों के खिलाफ की जा रही टिप्पणी को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। सूत्रो ने बताया कि भाजपा विधानसभा उपचुनाव जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वास्त थी, अधिकांश कार्यकर्ताओं ने चुनाव परिणाम आने से पूर्व ही 15 से 30 हजार मतों से भाजपा की जीत का दावा कर रखा था। इधर चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आने के साथ ही भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता पूरी तरह से सदमें आ गये है तथा पार्टी में ही भीतरघात के आरोप शुरु हो गये है। सोसियल मीडिया पर भाजपा नेताओं के ओडियों एवं विडियों भी जारी होने लगे है। वही दूसरी ओर भाजपा की हार का ठिकरा ब्राह्मण मतदाताओ पर फोडा जा रहा है, इस हार के लिए ब्राह्मणो को जिम्मेदार ठहराते हुये सोसियल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की जा रही है। उधर भाजपा के उच्च स्तरीय नेताओं ने दौसा में हुई भाजपा की हार को लेकर मंथन शुरु कर दिया है तथा कार्यकर्ताओं से रायशुमारी कर भीतरघात करने वाले भाजपाइयों की पहचान की जा रही है। उधर विधानसभा उपचुनाव में कांठोस को कम मतों से मिली जीत के बाद नवनिर्वाचित विधायक डीसी बैरवा भी संतुष्ठ नही है तथा कांग्रेस के साथ भीतरघात करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की जा रही है, जिसके चलते जीत से लवरेज कांठोस भी हडकम्प मच गया है।

पूर्व विधायक शंकर शर्मा की नाराजगी का असर पडा चुनाव परिणाम पर :- दौसा के पूर्व विधायक शंकर शर्मा टिकट वितरण को लेकर काफी खफा चल रहे थे। प्रदेश स्तरीय नेताओं एवं मुख्यमत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व विधायक शंकर शर्मा से कई दौर की वार्ता कर उन्हे मनाने का प्रयास भी किया, इसके बावजूद पूर्व विधायक शंकर शर्मा विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रचार करने तक नही आये, जिसके चलते ये माना जा रहा है कि भाजपा की हार के लिए पूर्व विधायक शंकर शर्मा की नाराजगी भी प्रमुख कारण है। सूत्रो ने बताया कि भाजपा ने दौसा की हार को गंभीरता से लेते हुये मंथन शुरु कर दिया है तथा बगावत करने वालों के खिलाफ कार्रवाही किये जाने का मानस बना लिया है।

'ट्रांसफार्मर वितरण में पारदर्शिता रखे'

कोटपूतली। अभियान के तहत पूरे जिले में जेवीवीएनएल के स्टोरों का प्रशासनिक अधिकारियों ने औचक निरिक्षण किया। इसी क्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने जेवीवीएनएल कोटपूतली के स्टोर रूम का औचक निरीक्षण किया जहां उन्होंने ट्रांसफार्मरों की वर्तमान तथा भौतिक स्थिति की जानकारी लेते हुए स्टोर अधिकारी से ट्रांसफार्मर के वितरण में पूर्ण पारदर्शिता रखने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने जेवीवीएनएल के अभियंताओं से फील्ड में सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाते हुए रिपोर्ट शीघ्र स्टोर में भिजवाने के निर्देश दिए जिससे शीघ्र डिमांड नोटिस जारी होकर जले हुए ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदला जा सके। सहारण ने कहा कि कृषि कनेक्शनों के जले हुए ट्रांसफरों को यथासंभव प्राथमिकता दी जाए जिससे काश्तकारों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है इसके लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं इसके लिए प्रशासन द्वारा नियमित रूप से समीक्षा बैठक की।

पावटा में रास्ते का जायजा लेते हुए मॉक ड्रिल किया

पावटा। आग लगने की घटना पर उत्पन्न हुई स्थिति में लोगों की जान व माल की सुरक्षा की दृष्टि से व फायर बिग्रेड के लिए मुय मार्गो का जायजा लेते हुए पावटा प्रागपुरा नगरपालिका द्वारा अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह के निर्देशन में गुरुवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के लिए सायरन बजाकर आकस्मिक आगजनी की सूचना देने, आग लगने की स्थिति उत्पन्न होने पर कैसे निपटा जा सके, व आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड जल्द से जल्द किस तरह से मौके पर पहुँचे व किस तरह से किस मार्ग से उनका आवागमन हो सकता है के बारे में मॉक ड्रिल कर विभिन्न तरीके का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान फायर इंचार्ज धर्मेंद्र यादव, एसआई अभिषेक मीना द्वारा मार्केट का फायर गाडी से आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु पावटा कस्बे का मुय बाजार सुभाष चौक, होली चौक, घंटाघर चौक, चमत्कारी चौराहा, शनिदेव मंदिर होते हुए सर्विस रोड होते हुए नई सब्जी

पावटा में जान-माल की सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल किया गया।

मंडी तक मुय मार्गो को देखा गया।

वही फायर इंचार्ज धर्मेंद्र यादव ने बताया बताया की कि नगरपालिका प्रशासन द्वारा आगजनी की घटना होने पर उससे निपटने के लिए अतिक्रमियो द्वारा रास्तों पर किये गए अतिक्रमण के चलते फायर बिग्रेड वाहनों का समय पर पहुंचना नामुमकिन होता है। वही आग जैसी दुर्घटनाओं में फायर ब्रिगेड नहीं पहुंचने पर लोगों को निजी टैंकर और नाले के पानी से आग बुझानी पडती है। तब तक आग से सब कुछ तबाह हो चुका होता है। फायर बिग्रेड या अन्य कोई आपातकालीन सेवा घटना स्थल पर समय पर पहुँचे इसके लिए कस्बे कस्बे के मुय मुय मार्गो का जायजा लेते हुए फायर बिग्रेड के साथ मॉक ड्रिल किया गया है।